# हिमाचल प्रदेश चौदहवीं विधान सभा

## बारहवां सत्र

## लिखित उत्तर हेतु प्रश्न

## मंगलवार, 01 सितम्बर, 2026/10, भाद्रपद, 1948 (शक्)

----

**[मुख्य मंत्री - उप-मुख्य मंत्री - स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री - कृषि मंत्री - उद्योग मंत्री - राजस्व मंत्री - शिक्षा मंत्री - ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री - लोक निर्माण मंत्री - नगर एवं ग्राम योजना मंत्री - आयुष मंत्री ].**

**कुल प्रश्न** - 40

----

### आउटसोर्स कर्मचारी

1830 **डॉ0 हंस राज (चुराह) :**
**श्री इन्द्र सिंह गाँधी (बल्ह) :**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश के विभिन्न विभागों, बोर्डों, निगमों, अस्पतालों, मेडिकल कॉलेजों, विश्वविद्यालयों एवं अन्य सरकारी संस्थानों में कितने आउटसोर्स कर्मचारी कार्यरत हैं तथा क्या सरकार इनके लिए नई आउटसोर्स नीति बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो की गई प्रशासनिक/विभागीय कार्रवाई का ब्यौरा दें; और

(ख) प्रस्तावित नीति को अंतिम रूप देने एवं लागू करने की संभावित समय-सीमा क्या है; यदि नीति का विचार नहीं है, तो कारण?

----

## डिजिटल शिक्षा को बढ़ावा

1831 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार चुराह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत सरकारी स्कूलों को चरणबद्ध तरीके से डिजिटल सुविधाओं से जोड़ने हेतु योजना बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## जाति दुरुस्ती

1832 **डॉ0 हंस राज (चुराह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश में अनुसूचित जाति के अंतर्गत कितनी उप-जातियां आती हैं, जिनका जाति प्रमाण-पत्र सरलता से बन जाता है; जिलावार ब्यौरा दें;

(ख) जिला चम्बा में अनुसूचित जाति के तहत ऐसी कितनी उप-जातियां आती हैं, जिनकी जाति दुरुस्ती बामुश्किल हो पाती है; तहसीलवार ब्यौरा दें; और

(ग) क्या सरकार अनुसूचित जाति के हित में जाति दुरुस्ती की प्रक्रिया को सरल बनाने हेतु कोई नियम बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## ट्यूबवेल

1833 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब) :**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत हिमकैड एवं नाबार्ड के माध्यम से सिंचाई हेतु 7 एवं 8 इंच के कितने ट्यूबवेल लगाए/बोर किए गए हैं तथा इनमें से कितने अधूरे हैं; ब्यौरा दें;

(ख) क्या 8 इंच के सिंचाई ट्यूबवेलों को सोलर ऊर्जा से चलाया जाना था; यदि हां, तो अद्यतन स्थिति क्या है;

(ग) क्या सरकार सिंचाई ट्यूबवेलों में इलैक्ट्रिक मोटर लगाने, अधूरे ट्यूबवेलों को पूर्ण करने एवं खराब ट्यूबवेलों की मरम्मत करके किसानों की सिंचाई व्यवस्था बहाल करने का

विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण;

(घ) क्या सरकार कुछ सिंचाई ट्यूबवेलों को पेयजल योजनाओं में परिवर्तित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; और

(ङ) इस निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गांव संतोषगढ़ में स्थापित पेयजल ट्यूबवेल, ओवरहेड टैंक, मोटर एवं पानी की लाइनों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इनमें बिजली के कनेक्शन उपलब्ध करवाकर योजना को कब तक पूर्ण कर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## संपर्क मार्ग

1834 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब)ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत गत दो वर्ष पूर्व राजपुरा से कंडेला संपर्क मार्ग के गांव लोभी किरोग में बादल फटने के कारण कॉजवे (causeways) बह गया था; यदि हां, तो यह भी सत्य है कि इस कॉजवे (causeways) की लंबाई लगभग 10 मीटर से बढ़कर 50 मीटर हो गई है;

(ख) क्या इस कार्य को स्वीकृति हेतु लोक निर्माण विभाग को भेजा गया है; यदि हां, तो इसकी अद्यतन स्थिति क्या है; यदि नहीं, तो कारण; और

(ग) इस स्थान पर आने-जाने में हो रही परेशानी को देखते हुए क्या सरकार यहां दो स्पैन का पुल बनाने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## सड़क निर्माण

1835 **श्री सुख राम चौधरी (पांवटा साहिब)ः**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) पांवटा साहिब विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत भरली से रुदाणा थड़ा जीजला सड़क के निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत की गई थी;

(ख) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक इस सड़क हेतु अनुसूचित जाति उप-योजना के अंतर्गत कितनी-कितनी धनराशि व्यय की गई; वर्षवार ब्यौरा दें; और

(ग) यह भी सत्य है कि इस सड़क का लगभग 65 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है; यदि हां, तो सरकार शेष बचे कार्य को पूर्ण करने हेतु आवश्यक धनराशि उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## शिवा परियोजना

1836 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) प्रदेश में हिमाचल प्रदेश उप-उष्णकटिबंधीय बागवानी, सिंचाई एवं मूल्य संवर्धन परियोजना (SHIVA project) कब आरम्भ की गई तथा यह परियोजना प्रदेश के कौन-कौन से जिलों एवं विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रों में संचालित की जा रही है;

(ख) इस परियोजना को आरम्भ करने का मुख्य उद्देश्य एवं निर्धारित मानदंड क्या हैं; वर्तमान में जिला कांगड़ा में इस परियोजना के तहत किन-किन स्थानों पर कार्य किए जा रहे हैं अथवा प्रस्तावित हैं; कितनी धनराशि प्रस्तावित/ स्वीकृत है तथा कितनी व्यय की गई;

(ग) इस परियोजना के तहत जिला कांगड़ा में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार एवं कार्यवार स्वीकृत व व्यय धनराशि तथा प्रस्तावित कार्यों सहित ब्यौरा दें; और

(घ) परियोजना के क्रियान्वयन में कौन-कौन से विभाग/एजेंसियां संयुक्त रूप से कार्य कर रही हैं तथा प्रत्येक विभाग की क्या भूमिका निर्धारित की गई है; इस परियोजना की वर्तमान प्रगति एवं निर्धारित समय-सीमा सहित ब्यौरा दें?

----

## राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशालाएं

1837 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सुलह विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितनी राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक

पाठशालाएं संचालित हैं व इन पाठशालाओं में कौन-कौन से विषय/विषय-संकाय पढ़ाए जा रहे हैं तथा क्या इन सभी पाठशालाओं के अपने भवन उपलब्ध हैं, यदि नहीं, तो कितनी पाठशालाओं के भवन निर्माणाधीन हैं तथा इनकी अद्यतन स्थिति, स्वीकृत धनराशि एवं दिनांक 01.08.2026 तक किए गए व्यय का पाठशालावार ब्यौरा दें; और

(ख) इस निर्वाचन क्षेत्र के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बल्ला तथा डूक के भवनों की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं व्यय की गई है?

----

## अस्थायी चालक

1838 **श्री विपिन सिंह परमार (सुलह):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) यह सत्य है कि हिमाचल पथ परिवहन निगम में अस्थायी चालकों की भर्ती प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है; यदि हां, तो डिपोवार कितने आवेदन प्राप्त हुए; ब्यौरा दें;

(ख) इस भर्ती हेतु निर्धारित नियम एवं पात्रता मानदंड क्या हैं तथा चयन किस आधार पर किया गया;

(ग) क्या चयनित अभ्यर्थियों को नियुक्ति/ज्वाइनिंग पत्र जारी कर दिए गए हैं; यदि नहीं, तो ये कब तक जारी कर दिए जाएंगे;

(घ) अस्थायी चालकों को देय मानदेय/वेतन निर्धारित करने का आधार क्या है तथा इन्हें प्रतिमाह कितनी धनराशि देय होगी; क्या इन्हें किसी अन्य भत्ते/सुविधा का प्रावधान है; और

(ङ) इस भर्ती प्रक्रिया में डिपोवार चयनित अभ्यर्थियों की संख्या, रिक्तियों की संख्या तथा वर्तमान स्थिति का ब्यौरा दें?

----

## एंबुलेंस

1839 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर) :**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) वर्तमान में क्षेत्रीय/जोनल अस्पताल बिलासपुर में कितनी एंबुलेंसें उपलब्ध हैं, इनमें से कितनी शव वाहन के रूप में हैं तथा कितनी क्रियाशील एवं कितनी खराब/अनुपयोगी हैं;

वाहनवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अस्पताल में उपलब्ध शव वाहनों की मांग, उपयोग एवं रख-रखाव की वर्तमान व्यवस्था क्या है; और

(ग) क्या सरकार आवश्यकता के अनुसार अतिरिक्त शव वाहन उपलब्ध करवाने का विचार रखती है; यदि हां, तो प्रावधान सहित ब्यौरा दें?

----

## विद्युत विभाग में फील्ड स्टाफ

1840 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत विभाग में कितना फील्ड स्टाफ कार्यरत है तथा कितने पद सरकार द्वारा स्वीकृत हैं;

(ख) स्वीकृत पदों में से कितने पद रिक्त चल रहे हैं; पदनाम एवं श्रेणीवार ब्यौरा दें; और

(ग) रिक्त पदों को भरने हेतु सरकार द्वारा क्या कार्रवाई की जा रही है तथा रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

## बोरवेल

1841 **श्री त्रिलोक जम्वाल (बिलासपुर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक बिलासपुर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत कितने बड़े बोरवेल स्थापित किए गए; इन बोरवेलों की क्षमता (प्रति बोरवेल) कितनी है; इन हेतु धनराशि किस मद से स्वीकृत की गई; संबंधित ठेकेदारों के नाम व पते सहित ब्यौरा दें; और

(ख) कितने बोरवेलों में मोटर लगाकर उनका विद्युतीकरण किया गया है; क्या इस कार्य हेतु अलग से निविदाएं आमंत्रित की गई हैं; यदि हां, तो संबंधित ठेकेदारों/फर्मों के नाम, पार्टनर के नाम व पते सहित ब्यौरा दें?

----

## पार्किंग सुविधा

1842 **श्री बिक्रम सिंह (जसवां-प्रागपुर):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-
(क) यह सत्य है कि नाभा स्थित रॉयल होटल कॉम्पलेक्स तथा सी0, बी0 एवं जी0 -

II ब्लॉक के साथ लगते पुराने गैराजों को हटाकर पार्किंग सुविधा विकसित करने हेतु अधिशाषी अभियन्ता, शिमला मण्डल-3 द्वारा दिनांक 14.10.2024 को सामान्य प्रशासन विभाग को स्वीकृति हेतु प्रस्ताव भेजा गया था;

(ख) यदि हां, तो दिनांक 14.10.2024 से 01.08.2026 तक इस प्रस्ताव पर स्वीकृति न मिलने अथवा निर्णय लंबित रहने के क्या कारण हैं तथा विभाग द्वारा इस स्वीकृति को शीघ्र प्राप्त करने हेतु क्या प्रयास किए गए;

(ग) सामान्य प्रशासन विभाग से स्वीकृति प्राप्त करने की अंतिम तिथि तथा इस स्थान पर पार्किंग का निर्माण कार्य आरम्भ करने एवं पूर्ण करने की निश्चित समय-सीमा क्या निर्धारित की गई है; और

(घ) जब तक यह स्थायी पार्किंग सुविधा बनकर तैयार नहीं होती, तब तक यहां के निवासियों को हो रही असुविधा को दूर करने हेतु सरकार क्या पग उठा रही है?

----

## पंचायत घरों का निर्माण

1843 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर)ः**

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि बड़सर विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पूर्व सरकार तथा वर्तमान सरकार के कार्यकाल में कितने पंचायत घरों का निर्माण कार्य प्रस्तावित है तथा इनमें से कितनों का निर्माण कार्य आरंभ व पूर्ण हो चुका है; पूर्ण हो चुके पंचायत घरों को संबंधित पंचायतों को कब तक सौंप दिया जाएगा; शेष पंचायत घरों के निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति क्या है तथा इनके निर्माण हेतु कितनी धनराशि का प्रावधान किया गया है; ब्यौरा दें?

----

## कला अध्यापक

1844 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर)ः**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि सरकार ने प्रदेश के राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कला अध्यापकों की नियुक्ति हेतु 100 विद्यार्थियों की शर्त निर्धारित की है;

(ख) यदि हां, तो प्रदेश में ऐसे कितने राजकीय माध्यमिक विद्यालय हैं जहां विद्यार्थियों की संख्या 100 है; विधान सभा निर्वाचन क्षेत्रवार ब्यौरा दें;

(ग) यह भी सत्य है कि राजकीय माध्यमिक विद्यालयों में कला अध्यापकों के रिक्त पड़े पदों के कारण बच्चों की शिक्षा प्रभावित हो रही है; और

(घ) यदि हां, तो सरकार इस शर्त में विद्यार्थियों की संख्या कम करने या समाप्त करने का

विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक?

----

## सरकारी आवास

1845 **श्री इन्द्र दत्त लखनपाल (बड़सर):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि जल शक्ति विभाग द्वारा शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड को सरकारी भवन एवं कार्यालय उपलब्ध करवाए गए हैं; यदि हां, तो किस नियम के तहत उपलब्ध करवाए गए;

(ख) यह भी सत्य है कि जिन सरकारी आवासों में जल शक्ति विभाग के कर्मचारी रह रहे हैं, उन्हें शिमला जल प्रबंधन निगम लिमिटेड द्वारा खाली करने के नोटिस दिए जा रहे हैं; और

(ग) यदि हां, तो क्या सरकार ऐसी स्थिति में इन सरकारी आवासों में रह रहे जल शक्ति विभाग के कर्मचारियों को अन्य जगह सरकारी आवास आबंटित करने का विचार रखती है; यदि हां, तो कब तक; यदि नहीं, तो कारण?

----

## रिक्त पद

1846 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **उप-मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत जल शक्ति विभाग मंडल चौपाल व उप-मंडल सैंज में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कार्यरत, भरे एवं रिक्त हैं; ब्यौरा कार्यालयवार,पदवार व संख्यावार दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## रिक्त पद

1847 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत विद्युत मण्डलों, उप-मण्डलों एवं अनुभागों में विभिन्न श्रेणियों के कितने पद स्वीकृत, कार्यरत, भरे एवं रिक्त हैं; कार्यालयवार एवं पदवार ब्यौरा दें; रिक्त पदों को कब तक भर

दिया जाएगा; ब्यौरा दें?

----

## मुख्यमंत्री ग्रामीण सड़क योजना

1848 **श्री बलबीर सिंह वर्मा (चौपाल):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक चौपाल विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अतंर्गत मुख्य मंत्री ग्रामीण सड़क योजना के तहत कितनी धनराशि स्वीकृत, प्राप्त हुई, कितनी व्यय हुई व कितनी शेष है;

(ख) इस योजना के अंतर्गत किन-किन सड़कों हेतु धनराशि स्वीकृत की गई; प्रत्येक सड़क का नाम, स्थान, संबंधित लोक निर्माण विभाग, स्वीकृत धनराशि, व्यय एवं शेष धनराशि सहित सड़कवार ब्यौरा दें; और

(ग) इन सड़कों में से कितनी पूर्ण, कितनी निर्माणाधीन एवं कितनी लंबित हैं; सड़कवार अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## भर्ती एवं पदोन्नति

1849 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **आयुष मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि सरकार आयुर्वेद विभाग में स्वास्थ्य विभाग की तर्ज पर वर्ष, 2019 में भर्ती एवं पदोन्नति नियमों में संशोधन करने के उपरान्त वर्ष, 2011 व इससे पूर्व चतुर्थ श्रेणी से पदोन्नत प्रयोगशाला परिचरों को जिन्होंने साइंस स्ट्रीम में 10+2 उत्तीर्ण की है, उन्हें लैब टेक्नीशियन बनाने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## कनिष्ठ कार्यालय सहायक

1850 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) भर्ती निदेशालय विभाग के पास 3 प्रतिशत खेल कोटे के तहत विभिन्न विभागों में कनिष्ठ कार्यालय सहायक (सूचना प्रौद्योगिकी) के कितने पद हैं; ब्यौरा दें;

(ख) सरकार इन पदों को भरने हेतु युवा सेवाएं एवं खेल विभाग को मांग-पत्र कब तक भेजने का विचार रखती है; और

(ग) इन पदों को राज्य चयन आयोग द्वारा विज्ञापन जारी होने के कितने समय के उपरान्त

युवा सेवाएं एवं खेल विभाग को भेजने का प्रावधान है; विलम्ब का कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## ग्रीन पंचायत योजना

1851 **श्री दलीप ठाकुर (सरकाघाट)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि ग्रीन पंचायत योजना के तहत ग्राम पंचायत गैहरा, विकास खंड गोपालपुर में सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने की स्वीकृति प्रदान की जा चुकी है; यदि हां, तो इस परियोजना को प्रशासनिक/वित्तीय स्वीकृति कब प्रदान की गई; इसकी स्वीकृत लागत कितनी है तथा परियोजना की अद्यतन स्थिति क्या है; निविदा जारी न किए जाने के क्या कारण हैं तथा इसकी निविदा कब तक जारी किए जाने की संभावना है; और

(ख) इस सौर ऊर्जा संयंत्र की क्षमता कितनी किलोवाट है तथा इसका निर्माण कार्य कब तक आरम्भ किए जाने की संभावना है; क्या सरकार द्वारा इस परियोजना को शीघ्र शुरू करने एवं निर्धारित समयावधि में पूर्ण करने हेतु कोई समय-सीमा निर्धारित की गई है; ब्यौरा दें?

----

## सिलाई अध्यापिकाएं

1852 **श्री केवल सिंह पठानिया (शाहपुर)**:

क्या **ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) वर्तमान में प्रदेश में कितनी सिलाई अध्यापिकाएं कार्यरत हैं तथा इन्हें प्रतिमाह कितना मानदेय प्रदान किया जा रहा है; ब्यौरा दें;

(ख) इन सिलाई अध्यापिकाओं की नियुक्ति किस आधार पर की गई है; और

(ग) क्या सरकार 25 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण करने वाली सिलाई अध्यापिकाओं को नियमित करने का विचार रखती है; ब्यौरा दें?

----

## देय वेतन

1853 **श्री सतपाल सिंह सत्ती (ऊना)**:

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) सरकार द्वारा अब तक जितनी भी बार चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को देय वेतन आयोग के बकाया देने की घोषणा की गई, उस समय उन लोगों को कोई भी धनराशि अदा नहीं की गई थी जोकि दिनांक 01 जनवरी, 2022 से पहले चतुर्थ श्रेणी में थे तथा उसके बाद पदोन्नति द्वारा तृतीय श्रेणी में आ गए;

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं; ब्यौरा उन नियमों की प्रति सहित दें, जिनमें यह उल्लेख है कि जो बकाया चतुर्थ श्रेणी के रूप में कार्य करने फलस्वरूप देय था वह पदोन्नति के कारण तृतीय श्रेणी के साथ दिया जाएगा; और

(ग) यदि यह बकाया अदा कर दिया गया है तो ऐसे कितने विभाग हैं, जहां पर यह बकाया नहीं दिया गया है; ब्यौरा दें?

----

## क्षतिग्रस्त मकान

1854 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि वर्ष, 2023 में पच्छाद विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में आई प्राकृतिक आपदा में आंशिक एवं पूर्ण रूप से क्षतिग्रस्त हुए मकानों की संख्या कितनी थी तथा कितने प्रभावितों को मुआवजा प्रदान नहीं किया गया है; कारण सहित ब्यौरा दें?

----

## कम्प्यूटर अध्यापक

1855 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि प्रदेश के दूर-दराज क्षेत्रों के विभिन्न विद्यालयों में कार्यरत कम्प्यूटर अध्यापकों को पिछले 25 वर्षों से सीमित मानदेय ही दिया जा रहा है तथा न ही इन्हें नियमित किया जा रहा है एवं न ही इनके मानदेय में बढ़ोतरी की जा रही है; यदि हां, तो क्या सरकार इनके मानदेय में बढ़ोतरी करने का विचार रखती है?

----

## मानदेय में बढ़ोतरी

1856 **श्रीमती रीना कश्यप (पच्छाद):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के तहत कार्यरत कर्मचारियों के मानदेय में जो बढ़ोतरी की गई थी, वह क्यों प्रदान नहीं की गई है; ब्यौरा दें?

----

## पी0एम0जी0एस0वाई-IV

1857 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **लोक निर्माण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत पी0एम0जी0एस0वाई-IV के तहत कितनी सड़कें स्वीकृत हुईं व इन हेतु कितनी-कितनी धनराशि स्वीकृत हुई; सड़कों की लंबाई सहित पंचायतवार ब्यौरा दें; और

(ख) यह सत्य है कि पी0एम0जी0एस0वाई-IV के तहत स्वीकृत सड़कों की निविदा प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है; यदि हां, तो सड़कवार ठेकेदार के नाम, पते व स्वीकृत धनराशि सहित ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## इको-टूरिज्म

1858 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र में इको-टूरिज्म योजना के तहत तथा पर्यटन को बढ़ावा देने हेतु कौन-कौन से कार्य स्वीकृत किए गए हैं; जलोड़ी जोत, सरेउलसर झील, रघुपुर गढ़, बागा सराहन, बशलेऊ दर्रा तथा अन्य प्रमुख पर्यटन स्थलों के विकास हेतु स्वीकृत योजनाओं, कार्यों एवं परियोजनाओं का वर्षवार एवं स्थलवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में इको-टूरिज्म स्थलों के विकास हेतु कितनी धनराशि स्वीकृत एवं आबंटित की गई तथा कितनी व्यय की जा चुकी है; ब्यौरा स्थलवार योजना के नाम, स्वीकृत, जारी एवं व्यय धनराशि, कार्य की वर्तमान स्थिति तथा संबधित विभाग/ एजेंसीवार दें; और

(ग) इस निर्वाचन क्षेत्र के इन पर्यटन स्थलों को राज्य एवं राष्ट्रीय स्तर के प्रमुख इको-टूरिज्म स्थलों के रूप में विकसित करने हेतु क्या कार्य योजना प्रस्तावित है; क्या सरकार जलोड़ी जोत–सरेउलसर झील–रघुपुर गढ़–बागा सराहन–बशलेऊ दर्रा क्षेत्र में ट्रैकिंग मार्गों के विकास, आधारभूत सुविधाओं, पर्यटक विश्राम स्थलों, स्वच्छता व्यवस्था, पार्किंग, सुरक्षा सुविधाओं तथा स्थानीय युवाओं हेतु रोजगार सृजन से संबंधित योजनाएं आरम्भ करने का विचार रखती है; यदि हां, तो ब्यौरा दें?

----

## आपदा राहत निधि

1859 **श्री लोकेन्दर कुमार (आनी)ः**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) यह सत्य है कि आनी विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पंचायत बैहना में आपदा राहत निधि के तहत स्वीकृत लगभग 6 सड़कों का बिना वास्तविक निर्माण किए ही धनराशि व्यय की गई है; यदि हां, तो सड़कों के नाम, स्वीकृत धनराशि व कार्य का ब्यौरा दें;

(ख) क्या यह भी सत्य है कि इस मामले में लिखित शिकायतें भी प्राप्त हुई हैं तथा जांच के नाम पर शिकायतकर्ता को अनावश्यक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है; और

(ग) इस प्रकरण की अद्यतन स्थिति क्या है; क्या दोषी पंचायत प्रतिनिधियों व सचिव पर कोई कार्रवाई की गई है; यदि नहीं, तो क्या सरकार इस मामले की विजिलेंस जांच करवाने एवं शिकायतकर्ता को सुरक्षा प्रदान करने का विचार रखती है?

----

## आउटसोर्स

1860 **श्री सुधीर शर्मा (धर्मशाला)ः**

क्या **शिक्षा मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन माह में दिनांक 01.08.206 तक प्रदेश स्कूल शिक्षा बोर्ड में कितने कर्मचारियों की नियुक्ति आउटसोर्स आधार पर की गई;

(ख) यह भर्ती किस एजेंसी के माध्यम से की गई तथा भर्ती से सम्बन्धित विज्ञापन की प्रति सहित ब्यौरा दें; और

(ग) इस भर्ती में कितने उम्मीदवारों ने भाग लिया तथा चयनित उम्मीदवारों की सूची, नाम, शैक्षणिक योग्यता तथा आवासीय पते सहित ब्यौरा दें?

----

## Construction of Zoo

1861 **Sh. Sudhir Sharma (Dharamshala):**

Will the **Chief Minister** be pleased to state :-

(a) whether it is a fact that a Zoo is being built in Kangra district; if yes, where and what is the total area being allocated; details of amount spent on civil work be given; and

(b) details of name of contractors/firms/companies carrying out various construction work in the project and amount paid to them for various works be given?

----

## रोजगार

1862 **श्री दीप राज (करसोग) :**
**श्री विवेक शर्मा (विक्कू) (कुटलैहड़) :**

क्या **उद्योग मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) प्रदेश की वर्तमान बेरोज़गारी दर कितनी है; गत तीन वर्षों में दिनांक 31.07.2026 तक सरकार द्वारा कितनी सरकारी नौकरियां प्रदान की गईं; विभागवार ब्यौरा दें;

(ख) इस अवधि में विभागवार कितने पद सृजित, भरे एवं रिक्त रहे; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा;

(ग) प्रदेश में रोज़गार सृजन हेतु सरकार द्वारा संचालित योजनाओं, नीतियों एवं प्रस्तावित उपायों का ब्यौरा दें; और

(घ) क्या सरकार द्वारा बेरोज़गार युवाओं को अपने व्यवसाय हेतु हाइवे के साथ सरकारी भूमि लीज पर देने का कोई प्रस्ताव/नीति है; यदि हां, तो पात्रता, भूमि की उपलब्धता, लीज अवधि, शुल्क एवं लागू करने की समय-सीमा सहित ब्यौरा दें; यदि नहीं, तो कारण?

----

## आपराधिक मामले

1863 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि:-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक प्रदेश में हत्या, चोरी, डकैती एवं अपहरण के कितने मामले दर्ज किए गए;

(ख) इस अवधि में महिलाओं से बलात्कार, छेड़छाड़, उत्पीड़न, हत्या एवं शोषण संबंधी कितने मामले सामने आए; और

(ग) इन मामलों में कितनों के समाधान हो चुके हैं व कितने लम्बित हैं; जिलावार ब्यौरा दें?

----

## विज्ञापन

1864 **श्री दीप राज (करसोग):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि गत वर्ष  से दिनांक 01.08.2026 तक सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु कितनी धनराशि व्यय की गई; मीडिया ग्रुप, संस्थाएं अथवा अन्य माध्यम पर दिए गए विज्ञापनों एवं संस्थानों का नाम सहित ब्यौरा दें?

----

## वन अधिकार अधिनियम-2006

1865 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **राजस्व मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि यह सत्य है कि गांव लिंडुर के ग्रामवासी जो आपदा से कई वर्षों से पीड़ित हैं तथा उनकी कई बीघा के हिसाब से भूमि का कटाव हो चुका है; यदि हां, तो सरकार द्वारा प्रभावितों को वन अधिकार अधिनियम- 2006 के तहत सामुदायिक दावे के तहत अधिकार क्षेत्र में उपलब्ध भूमि को नियमित करने हेतु क्या पग उठाए गए; अद्यतन स्थिति सहित ब्यौरा दें?

----

## हेलीपोर्ट

1866 **कुमारी अनुराधा राणा (लाहौल और स्पिति):**

क्या **मुख्य मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि जिला लाहौल और स्पिति हेतु स्वीकृत हेलीपोर्ट के कार्य की अद्यतन स्थिति का विलंब के कारणों सहित ब्यौरा दें?

----

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/सहायिका भर्ती

1867 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली):**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ता/ सहायिका भर्ती में अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के अतिरिक्त बी0पी0एल0, आई0आर0डी0पी0 एवं अन्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों को भी अतिरिक्त अंक देने का प्रस्ताव सरकार के विचाराधीन है; यदि हां, तो इसका ब्यौरा तथा संभावित समय-सीमा क्या है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## नियमों का उल्लंघन

1868 **श्री भुवनेश्वर गौड़ (मनाली)ः**

क्या **नगर एवं ग्राम योजना मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे किः-

(क) गत तीन वर्षों में दिनांक 01.08.2026 तक मनाली विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत टी0सी0पी0 नियमों के उल्लंघन के कितने मामले सामने आए तथा इन पर क्या कार्रवाई की गई; और

(ख) सरकार 500—800 वर्गमीटर के वाणिज्यिक प्लॉटों हेतु पृथक सेटबैक एवं एफ0ए0आर0 मानकों को लागू करने का विचार रखती है; यदि नहीं, तो कारण?

----

## रिक्त पद

1869 **श्री जीत राम कटवाल (झण्डुता)ः**

क्या **स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री** बतलाने की कृपा करेंगे कि प्रदेश में स्वास्थ्य विभाग के अंतर्गत चिकित्सकों के कितने पद स्वीकृत, भरे व कितने रिक्त हैं; जिला बिलासपुर का ब्यौरा पृथक रूप से स्वास्थ्य संस्थानवार दें; रिक्त पदों को कब तक भर दिया जाएगा?

----

**शिमलाः** 171004.
**27 अगस्त, 2026.**

**यशपाल शर्मा,**
**सचिव**